अज अदालत–**न्यायालय जिला कलक्टर–मुकाम–भरतपुर**

विकम सिंह मीना **बनाम** तहसीलदार कामां

किरम मुकदमा अपील आर. टी. आई नम्बर 32 सन् 2021

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनियशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुये
22.03.2021	सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत अपीलान्ट सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत अपीलान्ट विकमसिंह मीना निवासी RZ-E65,Dabri Extn, New Delhi 110045 की अपील तहसीलदार, कामां के खिलाफ प्राप्त हुई है। अपील दर्ज रजिस्टर हो। अपीलार्थी ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि प्रार्थी द्वारा तहसीलदार, कामां से दिनांक 14.10.2020 को सूचना चाही गई थी किन्तु उनके द्वारा कोई सूचना नहीं दी जाने पर दिनांक 21.12.2020 को इस कार्यालय में प्रथम अपील की गई, जिस पर कोई सुनवाई नहीं की गई है । पत्रावली का अवलोकन किया। अपीलान्ट द्वारा तहसीलदार कामां के विरुद्ध उक्त सूचना न मिलने पर इस कार्यालय में प्रथम अपील प्रस्तुत की गई थी, जो दायरा रजिस्टर के कमांक 102/2020 पर दर्ज की जाकर अपील का दिनांक 11.01.2021 को निर्णय किया गया है। अपील अपीलान्ट खारिज की जाकर निर्णय की प्रति इस कार्यालय के कमांक 43–44 दिनांक 14.01.2021 से अपीलान्ट को भेजी गई है। एक ही प्रकरण में एक से अधिक बार निर्णय नहीं किया जा सकता। यदि अपीलान्ट निर्णय दिनांक 11.01.2021 से सन्तुष्ट नहीं है तो निर्णय के विरूद्ध सूचना आयोग में द्वितीय अपील करने हेतु स्वतंत्र है। अपील अपीलान्ट खरिज की जाती है।पूर्व निर्णय दिनांक 11.01.2021 की प्रति अपीलान्ट को पुनः भेजी जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दा0द0 हो। जिला कलक्टर भरतपुर (राज0	274 24/3/21 से निर्णय प्रति भेजी गई

3.3 Full Address:Office of the District Magistrate, Bharatpur, Rajasthan - 321001